**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 09.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 09.06.2025

### वीडीए बोर्ड की बैठक आज, गंजारी पर होगी चर्चा

**वाराणसी।** मंडलायुक्त एस राजलिंगम की अध्यक्षता में सोमवार को वीडीए बोर्ड की बैठक होगी। शाम चार बजे से होने वाली बैठक में गंजारी में टाउनशिप विकसित करने और ट्रांसपोर्ट नगर योजना के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। इन दोनों योजनाओं की दिक्कतों को दूर किया जाएगा। इसके अलावा बिल्डिंग बाइलाज नियमावली और कमिश्नरी में बनने वाले एकीकृत मंडलीय कार्यालय को लेकर आ रही रुकावटों को दूर किया जाएगा। बिल्डिंग बाइलॉज एवं नियमावली का प्रचार प्रसार होगा। चितरंजन पार्क में ग्रीन स्पेस विकसित करने पर चर्चा होगी। पटरी व्यवसायियों के लिए विकल्प तलाशा जाएगा। बाढ़ के उच्चतम बिंदु और गंगा किनारे जर्जर भवनों को की मरम्मत की दिशा तय की जाएगी। वीडीए ने आवंटित भूमि संबंधित समस्याओं के निस्तारण कैम्प लगाकर किए जाने का भी फैसला लिया जाएगा। ब्यूरो